कार्यालय–जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना।

प्रशासनिक आदेश संख्या 06 /2025

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जनपद न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2025 में निर्देशित किया गया है कि जनपद न्यायाधीश पाँच दिन का स्थानीय अवकाश जिला मजिस्ट्रेट से विचार–विमर्श करके निश्चित एवं घोषित करेंगे। यदि कैलेण्डर में वर्णित कोई राष्ट्रीय/अन्य अवकाश, द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है, तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते हैं।

जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कुशीनगर स्थान पडरौना द्वारा जनपद न्यायालय कुशीनगर में स्थानीय अवकाश घोषित करने के संदर्भ में प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 09.01.2025 पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला मजिस्ट्रेट, कुशीनगर से विचार–विमर्श करके जनपद दीवानी न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना एवं बाह्य दीवानी न्यायालय, कसया, कुशीनगर में निम्नलिखित स्थानीय अवकाश निश्चित एवं घोषित किया जाता है :–

1– दिनांक 14.01.2025 दिन मंगलवार – **मकर संक्रान्ति**

2–दिनांक 29.01.2025 दिन बुधवार – **मौनी अमावस्या**

3– दिनांक 15.03.2025 दिन शनिवार – **होली त्यौहार के साथ**

4– दिनांक 28.03.2025 दिन शुक्रवार – **अलविदा** (रमजान महीने का अन्तिम शुक्रवार)

5– दिनांक 05.04.2025 दिन शनिवार – **अष्टमी** (राम नवमी के पूर्व)

6– दिनांक 01.10.2025 दिन बुधवार – **अष्टमी** (महानवमी दशहरा के पूर्व)
(गणतंत्र दिवस दिनांक 26.01.2025 रविवार को पड़ने के स्थान पर)

7– दिनांक 23.10.2025 दिन वृहस्पतिवार – **भैय्यादूज**
(राम नवमी अवकाश दिनांक 06.04.2025 रविवार को पड़ने के स्थान पर)

8– दिनांक 28.10.2025 दिन मंगलवार – **सूर्यषष्टी (छठ) पूजा**
(मोहर्रम अवकाश दिनांक 06.07.2025 रविवार को पड़ने के स्थान पर)

इस आदेश की प्रति माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, पीठासीन अधिकारी, एम०ए०सी०टी०, कुशीनगर, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कुशीनगर, संबंधित बार एसोसिएशन, सभी संबंधित स्थानीय कार्यालयों को सूचनार्थ प्रेषित की जाय। साथ ही इस आदेश की प्रति समस्त न्यायिक अधिकारीगण/कर्मचारियों के मध्य परिचालित की जाय एवं सर्वसाधारण के सूचनार्थ नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय तथा जनपद न्यायालय कुशीनगर की वेबसाइट पर अपलोड की जाय व स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर को प्रेषित की जाय।

सभी संबंधित सूचित हों।

दिनांक/कुशीनगर।
जनवरी 10 , 2025

(सुशील कुमार शशि)
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना

District Judge
Kushinagar at Padrauna (U.P.)